## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 10.03.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 10.03.2026 को मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमे निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. अधिशासी अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पडरौना, कुशीनगर।
3. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
4. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
5. श्री आदित्य सिह, जू0इं0 एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
6. श्री चरण सिंह, उप परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
7. श्री अभय उपाध्याय, इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
8. श्री संतोष उपाध्याय, परियोजना प्रबंधक, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 व उनकी टीम।
10. श्री रविन्द्र गोखले, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 व उनकी टीम।

### 01– उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित योजनाओं से सम्बन्धित बिन्दु :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 195 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए स्थापित है जिनमें से 100 अदद् पाईप पेयजल योजनाओ के रेट्रोफिटिंग का कार्य वर्ष 2020–21 में उ0प्र0 जल निगम(नगरीय), कुशीनगर तत्कालीन कार्यालय निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम कुशीनगर द्वारा कराया गया जिसे जल निगम (ग्रामीण) को दिसम्बर 2021 में हस्तान्तरित की गई। मार्च 2023 में उपरोक्त 195 अदद् योजनाओं में से 50 अदद् योजनाओं के रेट्रोफिटिंग का कार्य जल निगम (ग्रामीण) द्वारा स्वीकृत हुई। जिसके भौतिक प्रगति लगभग 90 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति लगभग 18.50 प्रतिशत है। उक्त 195 अदद् योजनाओं में से 21 अदद् योजनाए पूर्ण क्षमता पर, 109 अदद् योजनाए आंशिक रूप से संचालित है तथा 65 अदद् योजनाए वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होने, पम्प आदि खराब होने के कारण बंद है। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि 24 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं पर छोटी–बडी विद्युत खराबी के कारण योजनाए बंद है। मुख्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ द्वारा मार्च 2025 में जनपद कुशीनगर की उक्त समस्त 195 अदद् पेयजल योजनाओं के मरम्मत तथा आगामी 10 वर्ष तक अनुरक्षण एवं संचालन हेतु कार्यदायी एजेंसी मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को नामित किया गया है, जिनके द्वारा उक्त योजनाओं के मरम्मत कार्यो का प्राकलन तैयार कर मुख्यालय स्तर पर प्रेषित कर दिया गया है जिसके स्वीकृति के उपरान्त उक्त कार्यो को कराया जाना है।

उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त पूर्ण क्षमता पर संचालित योजनाओं की संख्या में वृद्धि करते हुये 31 अदद् योजनाए पूर्ण क्षमता पर तथा आंशिक रूप से संचालित योजनाओं की संख्या में वृद्धि करते हुये 129 अदद् योजनाए आंशिक क्षमता पर संचालित कर लिया जाय।

**(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड, कुशीनगर)**

### 02– जल जीवन मिशन फेज–2 व 3 से सम्बन्धित बिन्दु :–

जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 333353 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6458 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 453 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 233 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6291 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उक्त बैठक में निम्न मुख्य बिन्दु प्रकाश में आये–

#### 02.1– विद्युत विभाग से सम्बन्धित बिन्दु :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत 103 अदद् पेयजल योजनाए विद्युत अधारित है जिनमें से अब तक मात्र 29 अदद् योजनाओ पर ही विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, उक्त अवशेष 74 अदद् योजनाओं के विद्युतीकरण का कार्य समय से न हो पाने के कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 24 अदद् योजनाए छोटी–बडी विद्युत खराबी यथा ट्रान्सफार्मर खराब, पोल क्षतिग्रस्त आदि के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त के कम में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं पर छोटी– छोटी समस्याओं के कारण विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो पा रही है उन्हे आगामी 10 दिनों में विद्युत आपूर्ति बहाल



Scanned with OKEN Scanner

कर दिया जायेगा तथा शेष जिन योजनाओ पर अधिकतर कार्य अवशेष है उन समस्त कार्यो को माह मार्च 2026 तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कार्यो को शिर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये करा लिये जाए, जिससे जलापूर्ति बहाल हो सके।

(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)

02.2– एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्र :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर मे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 मे ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लगातार समन्वय स्थापित करते हुये उक्त कार्य करा लिये जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)

02.3– भूमि विवाद :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत 453 अदद् योजनाओं के निर्माण हेतु 454 अदद् कार्यस्थलों हेतु भूमि की आवश्यकता थी जिसके सापेक्ष शतप्रतिशत भूमि का आवंटन हो गया तथा उपरोक्त 453 अदद् स्थलों पर बोरिंग का पूर्ण कर लिया गया है परन्तु योजना का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ दिनों बाद 26 अदद् योजनाओं के कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रकार के विवाद (सूची संलग्न) उत्पन्न होने के कारण शेष कार्य नही हो पा रहा है। उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त विवादों की तहसीलवार सूची उपलब्ध कराते हुये सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उपरोक्त प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये निस्तारण कराकर उपरोक्त अवशेष कार्यो को अतिशिघ्र पूर्ण करा लिया जाय।

(कार्यवाही समस्त उप जिलाधिकारी /अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)

02.4– मिट्टी भराई :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत 453 अदद् योजनाओं के निर्माण में मिट्टी भराई की आवश्यकता है परन्तु योजनाओं के प्राक्कलन में उक्त मिट्टी भराई के कार्यो का प्राविधान नहीं था जिसे मनरेगा/राज्य वित्त से कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त मिट्टी भराई की योजनावार मात्रा का विवरण उपलब्ध कराते हुए उनके स्तर से डी0सी0 मनरेगा को संबोधित पत्र प्रेषित करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाय तथा ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना में उक्त कार्यो को सम्मिलित कराया जाय।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0सी0 मनरेगा कुशीनगर)

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
ATIF HUSSAIN KHAN
Date: 17-03-2026
10:39:50

| | | |
|---|---|---|
| (आतिफ हुसैन)<br>अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। | (वंदिता श्रीवास्तव)<br>मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। | (महेन्द्र सिंह तंवर)<br>जिलाधिकारी/अध्यक्ष,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। |

पत्रांक– 815 / कार्य-18 / 05 दिनांक 24-03-26

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
5. जिला विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।



Scanned with OKEN Scanner

6. प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
8. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
11. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
12. जिला कृषि अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
14. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
15. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
16. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
17. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
18. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
19. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
20. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
21. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।
22. समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

Digitally signed by
Mahender Singh Tawar
Date: 23-03-2026
13:14:10

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।



Scanned with OKEN Scanner